तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026

12 सोमनाथ मंदिर सहस्राब्दी वर्ष पर भोला पठार शिवालय ...



14 सब्जियों के दाम गिरे रसोई को मिली राहत








## खबर संक्षेप

### दो पक्षों में मारपीट मामला दर्ज

**बालोद।** दो पक्षो में मारपीट हो गया, जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट लिखाई है जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम बागतराई निवासी चुड़मणी साहू ने पुलिस को बताया कि 26 दिसंबर को अपने दोस्त पूर्णानंद साहू के साथ धमतरी से वापस आते समय गांव के एग रोल दुकान के पास अपने चाचा सियाराम आडिल को देखकर रुक गया, जहां पर मुझे देखकर डोमार साहू गाली गलौज देने लगा, जिसे सुनकर मुझे बुरा लगा तो मैं वहां से दूसरे जगह चला गया। लेकिन वहां पर भी डोमार साहू आकर मारपीट करने के मकसद से उकसाते हुए गाली देने लगा, जिसे मेरे द्वारा मना करने पर और अधिक क्रोधित और उत्तेजित होकर मेरा कालर पड़कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा तथा मेरे बाएं हाथ की उंगली को बुरी तरह से मरोड़ दी और जोर से दो बार थप्पड़ मारा है, जिससे मेरे होंठ में सूजन तथा जबड़े में बुरी तरह से दर्द भर गया है। जिसे देखकर सियाराम साहू, पूर्णानंद साहू और भगत राणा के द्वारा बीच बचाव किया।

### बाइक की ठोकर से युवक घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** मार्ग किनारे टहल रहे युवको को मोटर साइकिल ने ठोकर मार दी। जिससे एक युवक घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक के साथी ने आरोपी मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम चिटौद निवासी देवेन्दर कुमार ने पुलिस को बताया कि मेरा साथी नारायणपुर पताही, थाना सदर, जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी सूरज साह पिता लाल बहादुर साहू 32 वर्ष 08 जनवरी के रात करीबन 08 बजे विजय एग्रोटेक से पैदल पैदल एनएच 30 मार्ग से ग्राम चिटौद की ओर जाने के लिए निकला था, मैं भी एनएच 30 मार्ग रोड़ किनारे खड़ा था, एनएच 30 मार्ग मे सामने चिटौद तरफ से आ रही मोटर साइकिल सीजी 05 एडी 6257 का चालक चिटौद, थाना पुरूर जिला बालोद निवासी डिकेश साहू पिता दिनेश साहू के द्वारा अपने मोटर सायकल से पैदल चल रहे सूरज साह को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट होने से सूरज साह के बायां पैर, बायां हाथ में चोट लगा है।

### एक ही रात में चार ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी

**बालोद।** एक रात में चोर ग्राम में चार ट्रैक्टरो की बैटरी को ले उड़े जिसके बाद पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चिचबोड, वार्ड क्र. 02, पटेल पारा थाना रनचिरई निवासी राज कुमार साहू पिता गुहरी राम साहू 59 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ट्रेक्टर सीजी 05 एजी 6344 को शाम 06 बजे इंजन व ट्राली को गांव में मटिया जाने वाले रास्ते में अपने ब्यारा में खडी कर घर आ गया था जो दूसरे दिन सुबह 05:30 बजे अपने ब्यारा गया तो देखा कि मेरे ट्रेक्टर के इंजन में लगा बैटरी नही था। कोई अज्ञात चोर मेरे ट्रेक्टर के बैटरी को चोरी कर ले गया है। गांव में आसपास के लोगों से पूछताछ पता तलाश किया तो पता चला कि 08 जनवरी की रात्री में गांव के ग्राम चिचबोड वार्ड क्र. 01 पटेल पारा निवासी ▶▶ शेष पेज 12 पर

## आयोजन : दुधली में दिखा 'मिनी इंडिया' का नजारा

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में देशभर की कला-संस्कृति का संगम, एडवेंचर गेम्स में युवाओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी दुधली बालोद में पहुंचे विभिन्न राज्यों के रोवर–रेंजर्स में भारी उत्साह, उमंग और ऊर्जा से सराबोर नजर आ रहे थे। बालोद जिले के ग्राम दुधली में 5 दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का आयोजन किया जा रहा है। जंबूरी के दूसरे दिवस सुबह से रोवर–रेंजर्स द्वारा एडवेंचर गतिविधियां आयोजित की गई।



जंबूरी में पहुंची कोरबा जिले की ग्राम कुसमुण्डा की खुशबू यादव ने बताया कि जंबूरी में शामिल होने से बहुत अच्छा लगा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह से हार्ड बलून, बैलेसिंग अनलॉक, लेडर क्लाइमिंग, टायर टनल, मड गेम जैसे बहुत सारे गतिविधियां की है। खुशबू ने बताया कि जंबूरी में बहुत अच्छी सुविधाएं उपलब्ध है। समय पर सभी प्रकार की सुविधाएं मिल रही है। रायगढ़ जिले से पहुंची शालिनी तिवारी ने बताया कि यहा बहुत अच्छा लग रहा है। जंबूरी में अलग–अलग प्रदेश से रोवर रेंजर्स आए हैं जिससे उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। अन्य राज्यों से आए रोवर रेंजर्स द्वारा अनुशासन में रहकर नई–नई गतिविधियां एवं कला संस्कृति को प्रदर्शित कर रहे है जिससे अच्छा अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगल–अलग राज्यों के कला–संस्कृति, सेवा भावना, कौशल प्रदर्शन, लोक नृत्य एवं पारंपरिक वेशभूषा देखने को मिल रहा है। शालिनी ने कहा कि यहां आने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।



## नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी बना आकर्षण का केंद्र, उमड़ा दर्शकों का सैलाब



**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन समूचे छत्तीसगढ़ सहित जिले एवं स्थानीय ग्रामीणों के लिए भी खासा आकर्षण का केन्द्र बन गया है। आयोजन के दूसरे दिन 10 जनवरी को राज्य के अलग–अलग क्षेत्रें के अलावा बालोद जिले एवं ग्राम दुधली के आस पास ग्रामीणों ने भी जंबूरी का अवलोकन कर रोवर रेंजरों के गतिविधियों के अलावा देश के विभिन्न राज्यों के संस्कृति एवं क्रियाकलापों का अवलोकन किया। इस दौरान ग्राम दुधली एवं आस पास के गांव के ग्रामीणों के अलावा बालोद जिले तथा राज्य एवं देश के विभिन्न राज्यों से जंबूरी में शामिल होने पहुंचे रोवर रेंजरों ने इस 5 दिवसीय रोवर रेंजर जंबूरी के भव्य एवं विशाल आयोजन की भूरी–भूरी सराहना की। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे रोवर रेंजर्स एवं स्काउट गाइड्स ने जंबूरी स्थल में अलग–अलग राज्यों तथा जिला प्रशासन द्वारा लगाएं गए विभिन्न विभागों के प्रदर्शनीयों का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं तथा राज्य सरकार एवं बालोद जिला प्रशासन के महत्वपूर्ण उपलब्धियों को जानने एवं समझने का प्रयास किया। इस दौरान



हिमांचल प्रदेश, बिहार, राजस्थान, झारखंड तथा सेन्ट्रल रेल्वे के अलावा राज्य के विभिन्न जिलों से आए रोवर रेंजरों, छात्र–छात्रओं तथा ग्रामीणों ने बालोद जिले के ग्राम दुधली में आयोजित इस प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन की भूरी–भूरी सराहना की है। देश के विभिन्न राज्यों से आए रोवर रेंजरों ने दुधली में आयोजित इस रोवर रेंजर जंबूरी की आयोजन की सराहना करते हुए



कहा कि इसके माध्यम से हम सभी को विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजरों से मिलने के अलावा उनकी भाषा, संस्कृति, रिति रिवाज, रहन सहन सहित आचार–विचार से जानने का भी अवसर मिला है। इसके अलावा जंबूरी में आयोजित किए जाने वाले सभी गतिविधियां बहुत ही बेहतरीन एवं हमारे भावी भविष्य के निर्माण के लिए भी अत्यंत मददगार साबित होगा। विभिन्न राज्यों से आए रोवर रेंजरों एवं स्काउट गाइड्स ने छत्तीसगढ़ राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य, यहां की कला, संस्कृति के साथ–साथ छत्तीसगढ़ राज्य वासियों की निश्छल स्वभाव एवं मधुर व्यवहार की भी सराहना की। उन्होंने बालोद जिले के ग्राम दुधली में इस बेहरीन भव्य एवं विशाल नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन के लिए छत्तीसगढ सरकार तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दुधली जंबूरी में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई



**बालोद।** प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी शिविर दुधली मालीघोरी कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आएं रेडक्रास के बच्चों को अध्यक्ष अतंर्विभागीय लीड़ एजेंसी सड़क सुरक्षा, सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात रायपुर संजय शर्मा के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों संबंधी जानकारी दिया गया। जंबूरी शिविर में बालोद पुलिस द्वारा लगाए गए सड़क सुरक्षा स्टॉल का संजय शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय भारत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। संजय शर्मा के द्वारा विभिन्न राज्यों से आएं रेडक्रास के बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों जैसे सड़क में चलते समय बड़ी वाहनों से होने वाले संभावित खतरों, बड़े वाहनों के ब्लाइंड स्पॉट के बारे में बताएं गया, भीड़ कंट्रोल करने के लिए उपायो से अवगत कराया गया एवं दो वाहनों के बीच में कितना गैप रखे, वाहनों के स्पीड़ कम करने के लिए प्रभावी उपायो के बारे सरल सहज उपायों के बारे में बताया गया। संजय शर्मा द्वारा सेफ्टी विथ हेलमेट की थीम पर बनाएं गए सेल्फी पाइंट में सेल्फी लेकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित



किया गया। रोवर रेंजर जंबुरी शिविर स्थल में बालोद पुलिस द्वारा यातायात नियमों, साइबर अपराधों, महिला एवं बच्चों से होने वाले अपराधों एवं नवीन कानून संबंधी स्टॉल लगाकर विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। स्टॉल में आने वाले रेडक्रॉस के बच्चों एवं आगंतुकों को यातायात नियमों संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर सड़क सुरक्षा संबंधी उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी गयी है। साथ ही प्रोजेक्टर, टीवी के माध्यम से यातायात संबंधी वीडियों क्लिप को प्रसारित किया जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का स्वंय पालन करने साथ ही अपने प्रियजनों एवं अन्य व्यक्तियों को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## रोवर-रेंजर्स : नाइट हाइक के जरिए ध्रुव तारा और सप्तऋषि मंडल की हुई पहचान




**बालोद।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोबा, दुधली में रोवर–रेंजर गतिविधियों के अंतर्गत रात्रि कालीन तारामंडल परिचय एवं हाइक नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जम्बूरी स्थल दुधली से कुल 385 रोवर–रेंजर एवं उनके प्रभारी पैदल मार्च करते हुए प्रकृति संरक्षण एवं देशभक्ति के नारे लगाते हुए रवाना हुए विद्यालय परिसर पहुंचे। विद्यालय में रोवर–रेंजर्स द्वारा नारी जागरूकता, स्वच्छता एवं देशभक्ति थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा की। नाइट हाइक कार्यक्रम के अंतर्गत रोवर रेंजर्स को स्टार गेजिंग कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ध्रुव तारा, दिशा ज्ञान, सप्तऋषि मंडल, ओरायन तारामंडल एवं कालपुरुष की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुशासन एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध हुआ। नाइट हाइक कार्यक्रम में प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा एवं स्टार गेजिंग के कैप्टन सुब्रत बराई उपस्थित थे।

## खरखरा जलाशय ऊंचाई बढ़ाने के विरोध में किसान उतरेंगे सड़क पर

**ऑनलाइन टोकन, स्मार्ट मीटर और मकान टैक्स के खिलाफ किसान संघ का प्रदर्शन**

# किसान संघ का आह्वान: 16 को विविध मांगों को लेकर करेंगे विशाल रैली और आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

किसान संघ के आह्वान पर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 16 जनवरी, शुक्रवार को डौंडीलोहारा में विशाल रैली एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा। रैली में खरखरा जलाशय की प्रस्तावित ऊंचाई बढ़ाने के विरोध सहित किसानों से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

किसान संघ ने बताया कि धान खरीदी के दौरान ऑनलाइन टोकन की समस्या से बड़ी संख्या में किसान परेशान हैं। मांग की गई है कि ऑफलाइन तत्काल टोकन जारी किया जाए। साथ ही स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए बिजली बिलों की दर पर रोक लगाने की मांग की गई है। सरकार के आदेशानुसार ग्राम पंचायतों में मकान टैक्स वर्गफुट/ वर्गमीटर के आधार पर लगाए जाने के निर्णय का भी विरोध किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि पक्के मकान पर 100 रुपये, अर्धपक्के पर 50 रुपये और कच्चे मकान पर टैक्स लगाया जाना अनुचित है। किसानों ने धान खरीदी में रकबा कम किए जाने पर नाराजगी जताई है।



कई किसानों का धान रकबा वास्तविकता से कम दर्ज होने के कारण वे अपने उत्पादन के अनुसार धान नहीं बेच पा रहे हैं। वहीं शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का मानक तय किया गया है, जबकि खाद-बीज समय पर नहीं मिलने, कीट प्रकोप व मौसम की मार के कारण इस वर्ष उत्पादन कम रहा। किसानों ने प्रति क्विंटल 3100 रुपये मुआवजा देने की मांग की है। ग्राम जुनवानी के किसान नारायण सिंह की भूमि पर विद्युत विभाग द्वारा पावर हाउस निर्माण का विरोध भी रैली में प्रमुख मुद्दा रहेगा। इसके अलावा अतिवृष्टि व बेमौसम बारिश से फसल क्षति का बीमा मुआवजा देने की मांग की गई है। लोहारा से अम्बागढ़ चौकी मार्ग में ग्राम रायगढ़ के किसानों की भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा, ग्राम कोटेरा की शासकीय भूमि बाहरी व्यक्तियों को आवंटित किए जाने का विरोध तथा खरखरा जलाशय की ऊंचाई न बढ़ाने की मांग भी शामिल है।

किसानों का कहना है कि पहले ही बालोद जिले के बांधों के कारण लाखों एकड़ उपजाऊ भूमि डूब चुकी है और हजारों ग्रामीण विस्थापित हो चुके हैं। किसान संघ के प्रवक्ता कुशल ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए चेतावनी दी है कि यदि प्रस्तावित योजनाएं वापस नहीं ली गईं तो प्रभावित क्षेत्र के किसान मजबूरन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## अनियंत्रित बाइक नाले में गिरी एक युवक की मौके मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बाईक के माध्यम से जा रहे दो युवको की बाईक अनियंत्रित होकर मार्ग में पड़ने वाले नाले मे लगे रेंलिंग से जा टकराया जिसके कारण दोनो युवक बाईक सहित नाले में गिर गए, जहां एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वही एक अन्य युवक का ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना में बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर में पिरिद के रहने वाले एक 28 वर्षीय युवक भेलसिंह यादव की घटना स्थल पर मौत हो गई है। वहीं उनके साथ बाइक पर सवार घायल युवक पोषण यादव 17 वर्ष का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा ज में इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार दोनों घुमका की ओर से एक मोटर साइकिल में सवार होकर जगन्नाथपुर की ओर आ रहे थे। तभी शाम को जगन्नाथपुर के प्रवेश स्थल बांध के निकट मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और नाली किनारे जाकर गिर गए। मौके पर ही भेलसिंह यादव की मौत हो गई।

- हादसे की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की

## खबर संक्षेप

### मनरेगा योजना को खत्म करने की साजिश रच रही भाजपा सरकार: बिरेंद उसेंडी

**डोंडी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी आईटी सेल के कांकेर लोकसभा उपाध्यक्ष बिरेंद उसेंडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि भारत देश की 80% आबादी गांव में निवास करती हैं जिसकी आजीविका का साधन कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार ने ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों का रोजगार देने की गारंटी के साथ महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना को कानूनी मान्यता के साथ लागू किया। जिससे ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुआ किन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ना सिर्फ योजना का नाम बदला बल्कि कही ना कही उस योजना को समाप्त करने की ओर अपना कदम बढ़ाया। जो गरीब जनता है उन्हें कहीं ना कहीं एक सुरक्षा कवच मिला था मनरेगा योजना से ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक परिवार को 100 दिनों की रोजगार गारंटी संविधान से मिला था। साथ ही छत्तीसगढ़ में लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं जो कि देश का जनहित में नहीं है। गरीबी बेरोजगारी बढ़ रहा है।

### ग्राम चिपरा में देव मड़ई मेला आज

**कुसुमकसा।** समीपस्थ ग्राम चिपरा में देव मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। जिसमें रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी प्रेम सुमन नाचा पार्टी बेंदाडी का कार्यक्रम रखा गया है। एवं एक दिवसीय डे लाइट कबड्डी का भी कार्यक्रम है। यह जानकारी ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री संतराम कोसमा ने दिया।

### नंदिनी का बदमाश डॉ. दुष्यंत खोसला जिलाबदर

**भिलाई।** नंदिनी अहिवारा में अपना क्लीनिक खोलकर व्यवसाय की आड़ में लोगों को डराने, धमकाने एवं मारपीट कर दहशत का माहौल



कायम करने का प्रयास किया गया था। इस दौरान डॉ. दुष्यंत खोसला के खिलाफ नंदिनी नगर में मारपीट करने, डराने-धमकाने की रिपोर्ट पर 5 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा डॉ. दुष्यंत खोसला को गुण्डा बदमाश की सूची में लाया गया था। लेकिन डॉ. दुष्यंत खोसला के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकें। लेकिन खोसला के कृत्यों पर कोई सुधार नहीं हो पाया। लगातार समाज विरोधी एवं अपराधिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों में दहशत का माहौल उत्पन्न करता रहा। दुर्ग पुलिस ने उसके खिलाफ प्रतिवेदन जिलाधीश दुर्ग को भेजा।

### रंजिश के कारण मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के कारण घर में घुसकर लोहे के चापड़ से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि महिला के घर में रात को गाली गलौज कर दरवाजा को ठोकर मारकर तोड़ा गया। दोनों युवक घर के भीतर घुस दबंगई दिखाने लगे। महिला का पुत्र बेटा सागर को जान से मार देने की धमकी देकर लोहे का चापड़ लहराते हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। सागर दौड़कर अपनी जान को बचा पाया।

पेज 11 का शेष

### एक ही रात में चार ...

बलराम पटेल पिता इन्द राम पटेल 58 वर्ष के ट्रेक्टर सीजी 07 एन 5466 जो मटिया जाने वाले रोड टावर के पास खडा था जिसमें बैटरी चोरी हुआ तथा ग्राम चिचबोड वार्ड क्र. 04 राम चौक निवासी भगवान सिंह गोंड पिता कुंवर सिंह 40 वर्ष का ट्रेक्टर सीजी 24 6013 जो मटिया जाने वाले रोड टावर के पास खडा था। जिसमें बैटरी चोरी हो गया तथा ग्राम चिचबोड वार्ड क्र. 02 राम चौक निवासी जगदीश राम साहू पिता समारू राम साहू 76 वर्ष के भी ट्रेक्टर सीजी 05 जी 5958 जो मटिया जाने वाले रोड टावर के पास खडा था। जिसमें लगा बैटरी भी चोरी हुआ है। 08 जनवरी की रात्रि कोई अज्ञात चोर उक्त सभी ट्रेक्टर का बैटरी चोरी कर ले गया है।

# सोमनाथ मंदिर सहस्राब्दी वर्ष पर भोला पठार शिवालय में विधिवत शिव अभिषेक व पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भगवान सोमनाथ मंदिर के सहस्त्राब्दी निर्माण वर्ष के अवसर पर भाजपा करहीभदर मंडल द्वारा पर्रेगुड़ा स्थित भोला पठार शिवालय में विधि विधान से शिव अभिषेक एवं पूजा–अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की समृद्धि, सुख–शांति एवं खुशहाली के लिए मंगल कामनाएं की गईं। पूजा–अर्चना पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रेच्चार के साथ संपन्न हुई, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र में समुद्र तट पर स्थित सोमनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जिसका उल्लेख श्रीमद्भागवत एवं स्कंद पुराण में मिलता है। उन्होंने कहा कि चंद्रदेव (सोम) ने भगवान शिव को अपना नाथ मानकर यहां तपस्या की थी, इसी कारण इसका नाम सोमनाथ पड़ा। इतिहास गवाह है कि इस मंदिर पर महमूद गजनवी सहित कई विदेशी आक्रांताओं द्वारा 17 बार हमले किए गए, मंदिर को तोड़ा गया और संपदा लूटी गई, लेकिन प्रत्येक बार देशवासियों ने इसका पुनर्निर्माण कर अपनी आस्था और संस्कृति को जीवित रखा। स्वतंत्रता के बाद सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कैलाश महा–मेरु प्रसाद शैली में किया गया, जिसमें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्तमान भव्य मंदिर का राष्ट्र को समर्पण 1 दिसंबर 1995 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा द्वारा किया गया।



### धर्मिक विरासत



जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हजारों वर्षों की विपत्तियों के बाद भी आज यह मंदिर अपनी दिव्यता और भव्यता के साथ विद्यमान है, जो देशवासियों की अटूट श्रद्धा का प्रमाण है। मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दयानंद साहू, दिनेश सिन्हा, प्रदीप साहू, डोमन देवांगन, मालती भुसाखरे, पेमीन साहू, बीरबल भुसाखरे, मनोहर यादव, कमलेश धाकड़, हिंसा राम मांडवी, किशोर सिंघारे, किशोर साहू, पंडित हेमंत शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जंबूरी में विभिन्न राज्यों के रोवर रेंजर्स ने साझा की अपनी संस्कृति और कला

# हरियाणा की रोवर रेंजर्स को दुधली जंबूरी में मिले अनुभव, किए साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 2026 में शामिल होने आई हरियाणा राज्य के पलवल जिले से आई ने खुशी ने कहा कि यहां आने के बाद बहुत खुशी महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे सोचा था उससे कही ज्यादा अच्छा ये जंबूरी का कार्यक्रम है। खुशी ने बताया कि वह 11वीं कक्षा में अध्ययनरत है और वे अपने स्कूल के सभी रोवर–रेंजर्स के साथ आई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की भूमि पर और हमें यहां पर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमने यहां आकर अच्छी–अच्छी चीजें सीखी हैं और आज हम यहां गोंदली जलाशय का प्राकृतिक दृश्य को देखने आए हैं। हमें यह देखकर भी बहुत अच्छा लगा। यहां का वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य बहुत ही अच्छी एवं मनोरम हैं और हमें यहां से नया–नया अनुभव भी सीखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि हमें छत्तीसगढ़ की भूमि पर एक भारत श्रेष्ठ भारत परि–श्य देखने को मिल रहा है। खुशी ने कहा कि जंबूरी में अलग–अलग राज्य के रोवस रेंजर्स द्वारा अनुशासन में रहकर विभिन्न प्रकार के कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अपनी टीम के साथ अपने राज्य की संस्कृति–कला को प्रस्तुत कर रहे हैं और जो हमने पहले नहीं देखा था, वो हमें यहां पर देखने को मिल रहा है। जिससे अच्छा अनुभव ले रहे हैं और अलग अलग कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। जिसे देखकर बहुत अच्छा लगता है। खुशी ने बताया कि जंबूरी दुधली में सुविधाएं बहुत अच्छी है। नाश्ता और भोजन सहित सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी है। हरियाणा राज्य के पलवल जिले के रोवर रेंजर टीम के रौनक ने बताया कि यहां का मौसम बहुत सुहाना है और यहां की प्राकृतिक दृश्य बहुत अच्छा लग रहा है। रौनक ने यहां पर कैंप लगाकर एक–दो सप्ताह रहने की इच्छा जाहिर की।





### जंबूरी में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की सक्रिय भूमिका



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर्स स्काउट जम्बूरी कैम्प में जिला रेडक्रॉस सोसायटी बालोद की टीम ने उल्लेखनीय सहभागिता निभाते हुए स्वास्थ्य, भोजन एवं यातायात व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई है। यह जम्बूरी कैम्प 09 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित है, जिसमें देश-विदेश से लगभग 15 हजार रोवर-रेंजर्स शामिल हुए हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी बालोद के जिला संगठक श्री चन्द्रशेखर पंवार ने बताया कि यह जिले के लिए गौरव का विषय है कि देश में पहली बार इस स्तर का राष्ट्रीय आयोजन बालोद जिले को प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर रेडक्रॉस द्वारा सेवा भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। रेडक्रॉस राज्य चेयरमेन श्री तोमन साहू के निर्देशन में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सेवा कार्यों में जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के लगभग 50 छात्र-छात्राएं एवं 20 प्रभारी शिक्षक सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। प्रमुख रूप से नरेंद्र यादव , सौरभ शर्मा , वीरसिंह ठाकुर , हेमंत साहू , सिदेश्वर यदु तथा विजयलक्ष्मी ठाकुर सहित समस्त प्रभारी जिला प्रशासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार भोजन, स्वास्थ्य एवं यातायात व्यवस्थाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जम्बूरी कैम्प में जिला रेडक्रॉस की सक्रिय सहभागिता सेवा, सहयोग एवं मानवीय मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।



# ग्राम परसदा (डगनिया) में रामचरितमानस का उद्घाटन

**अंडा।** ग्राम परसदा (डगनिया) रामचरितमानस प्रतियोगिता की उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि चेमन देशमुख अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद व मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू तथा सत्यवती साहू सरपंच ग्राम पंचायत परसदा प्रज्ञा मित्र मंडल के अध्यक्ष किशोर साहू ने दीप प्रज्वलित कर व मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के तैल चित्र पर माल्यर्पण कर किया,श्री चेमन देशमुख जी ने कहा कि राम चरित मानस में जीवन की सारी समस्याओं का हल उस समय भी था आज भी है और भविष्य में भी यह समूचे मानव जीवन को मार्गदर्शन देता रहेगा,माता शबरी और निषाद जी का कथा प्रसंग समाज मे छुआछुत की भावना को समाप्त करने की प्रेरणा देता है इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गजेंद्र साहू उपाध्यक्ष टकेश्वर साहू दुष्यंत हिरवानी अनिल हिरवानी, महेंद्र कुमार, दीपेंद्र साहू व लीलेश्वर साहू उपसरपंच शेष कुमार साहू सुखनंदन साहू खोमलाल साहू भीष्म ठाकुर पंच दशरथ विश्वकर्मा चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा भीखम साहू, लविश मानिकपुरी भोजेंद्र साहू अन्य समिति के कार्यकतागण उपस्थित रहे।

### मड़ई आज, होगा रात्रिकालीन में लोककला सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** 11 जनवरी दिन रविवार को चिपरा मड़ई रखा गया है,इस शुभ अवसर पर ग्राम किल्लेकोडा. की पावन धरा पर रात्रिकालीन लोक कला सांस्कृतिक रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में ग्राम छिंदगांव, डौंडी की प्रसिद्ध लोक कला टीम अपनी प्रस्तुति देगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए आदिवासी मोरिया डांस ग्रुप के संयोजक पुनाराम गांवरे (बस्तरिया) ने बताया कि चिपरा मड़ई इस क्षेत्र की एक प्रसिद्ध मड़ई है, जिसमें आसपास के 10 से 15 ग्रामों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। मड़ई के दौरान क्षेत्र में भारी जनसमूह उमड़ता है और लोक परंपराओं व सांस्कृतिक गतिविधियों का जीवंत स्वरूप देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी चिपरा मड़ई में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शकों के आने की संभावना है। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर लोक संस्कृति का आनंद लेने की अपील की है।

# यात्री सुरक्षा में लापरवाही, 24 बसों पर 35 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सड़क और जनसुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा जिले के विभिन्न मार्गों पर चल रही यात्री बसों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में दुर्ग जिले में संचालित बसों की जांच के दौरान 24 बसों में गंभीर सुरक्षा कमियां पाए जाने पर 34,900 की चालानी कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान बसों में अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार और फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की गहन जांच की गई। कई बसों में ये अनिवार्य सुरक्षा उपकरण या तो अनुपस्थित पाए गए अथवा अनुपयोगी स्थिति में थे, जिसे जनसुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ माना गया। यह अभियान परिवहन सचिव सह परिवहन आयुक्त एस प्रकाश और अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी रविशंकर के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। उनके निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर शून्य सहनशीलता नीति अपनाई गई है। उड़नदस्ता दुर्ग के प्रभारी सीके साहू ने सभी बस संचालकों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि समझाइश और चालानी कार्रवाई के बावजूद यदि भविष्य में किसी भी बस में यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित कोई भी कमी पाई गई तो संबंधित बस को जब्त किया जाएगा तथा परमिट निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।




### बीएम कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

**भिलाई।** बीएम कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कई रोमांकच मुकाबले हुए। खेल की शुरुआत का महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव और एमएल साव द्वारा मां सरस्वती व वीर हनुमान के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की गई। महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव ने विद्यार्थियों को खेल का महत्व बताते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का सुझाव दिया। पहले दिन स्लो साइकिल का आयोजन हुआ। उसके बाद कैरम और क्रिकेट मैच हुआ। क्रिकेट में बी एड प्रथम और कोपा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। दूसरे दिन 100 मीटर रेस, रिले रेस, रस्साकसी और वॉलीबाल का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल में इलेक्ट्रीशियन द्वितीय वर्ष ने प्रथम और कोपा की टीम दूसरे स्थान पर रहे।

# पति की मौत के बाद ससुरालियों ने बहू को टोनही कहकर घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टोनही कह कर घर से निकाला ससुरालियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

महिला पुलिस थाना ने बताया कि ग्राम दनिया थाना बोरी निवासी पूनम वर्मा का सामाजिक रिति रिवाज के साथ अश्वनी वर्मा के साथ वर्ष 2014 को हुई थी। उनकी 8 साल की एक बेटी भी है। पति अश्वनी की मौत 15 अक्टूबर 2018 को हो गई। पति के मौत के बाद अपने मायके में पूनम निवास करती है। पहले वार्ड 13 लेबर कैम्प जामुल निवासी विजय वर्मा, शिवकुमारी वर्मा, सुरेश वर्मा के साथ पीड़िता रहती थी। सास, ससुर और देवर मिलकर पति के मौत के बाद टोनही हो जादू-टोना करके पति को खा गई कहकर लगातार ताना दिया करते थे। परेशान पूनम पर ससुराल वालो ने कई गंभीर आरोप लगाकर तंग किया। ससुर सास और देवर ने कहा मायके से पाँच लाख रूपये लेकर आओ तब ससुराल में रह पाओगी। पूनम के पति के नाम से ग्राम बोड़ में दो एकड जमीन थी। पति के मरने के बाद पूनम को देवर उस पर दबाव डाल कर जमीन उसके नाम करने की धमकी दिया करता था। देवर ने पूनम वर्मा को धमकी देकर कहने लगा कि बदनाम कर देंगे कहीं मुंह दिखाने के लायक नहीं रहोगी। इस तरह धीरे - धीरे ससुरालियों का पूनम के प्रति व्यवहार बदल गया। 17 जून 2023 को पूनम को कपडों के साथ कार में जबरदस्ती बिठाया। अपने मायके ग्राम दनिया ले जाकर छोड आये। इसके 15 दिन बाद पूनम अपने पापा शेषनारायण पटेल और माँ श्रीमती हीराबाई पटेल, चाचा बलराम पटेल के साथ वापस ससुराल अपनी बच्ची को लेने आई । सास, ससुर देवर-देवरानी ने उसे घर में घुसने से मना कर दिया। परेशान होकर महिला थाना पूनम पहुंची लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया बल्कि धारा 155 काटकर न्यायालय जाने की सलाह दी गई। इसके बाद महिला पुलिस न्यायालय के आदेश के बाद ससुराल वाले के खिलाफ धारा 498ए, 406 दर्ज कर टोनही अधिनियम जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### शिक्षकों और विद्यार्थियों को हेलमेट पहनकर आना अनिवार्य

**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाकर कॉलेज आने वाले सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को हेलमेट लगाकर आना अनिवार्य है। साथ ही सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। सभी ने सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. स्मिता सक्सेना, पॉलिटेक्निक के प्राचार्य मनमद राव और संस्था के छात्र- छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित थे ।

# बीईसी फैक्ट्री की हाइड्रा मशीन की चपेट में आया श्रमिक, मौत

**भिलाई।** बीईसी प्लांट में एक हादसे में श्रमिक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया की हाथखोज स्थित भिलाई इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (बीईसी) प्लांट में शुक्रवार की दोपहर श्रमिक उदित मांझी हाइड्रा मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। बीईसी परिसर में काम के दौरान श्रमिक हादसे का शिकार हो गया। हाइड्रा वाहन अचानक असंतुलित हो गया और श्रमिक उदित मांझी के पैर के ऊपर चढ़ गया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन उदित रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर लगते ही परिजन व स्थानीय लोग बड़ी संख्या में कंपनी परिसर में पहुंचे। अस्पताल में परिजनों का भारी संख्या पहुंची। उदित के साथ हुए हादसे को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उदित के पिता के मुताबिक पत्नी पैरालिसिस की मरीज हैं और उदित ही घर की पूरी जिम्मेदारी संभालता था। कंपनी प्रबंधन से उचित मुआवजे की मांग की है। भिलाई तीन पुलिस मौके पर पहुंची थी।



## पोंगल को देखते हुए रेलवे ने लिया निर्णय

# विशाखापट्नम पैसेंजर और वंदेभारत पुराने समय पर चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे के वाल्टेयर मंडल के अंतर्गत रायगड़ा विजयनगरम सेक्शन में प्रस्तावित अपग्रेडेशन काम के चलते कुछ कोचिंग ट्रेनों को रद्द किया गया है। कुछ ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था।

हालांकि पोंगल पर्व को देखते हुए एलएचएस ब्लॉक को रद्द कर दिया गया है। इससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। अब विशाखापटनम, रायपुर विशाखापटनम पैसेंजर ट्रेन और दुर्ग विशाखापटनम, दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस अपने नियमित समय के अनुसार संचालित होंगी। ट्रेन 58528 विशाखापटनम रायपुर पैसेंजर , 58527 रायपुर विशाखापटनम पैसेंजर, 20829 दुर्ग विशाखापटनम ,वंदे भारत एक्सप्रेस, दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए नियमित समय पर रवाना होगी। 20830 विशाखापटनम दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस 12 व 19 जनवरी को विशाखापट्टनम से दुर्ग के लिए निर्धारित समय सारणी अनुसार परिचालन होगा। इसके अलावा रेलवे के इस निर्णय से पोंगल पर्व के दौरान यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को रेलवे ने राहत दी है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति रेलवे के आधिकारिक माध्यमों से जरूर जांच लें।



## खबर संक्षेप



### परसदा में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 22 से

**अंडा।** ग्राम परसदा (डगनिया) में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से हिन्दू सनातन युवा मंच परसदा-डगनिया के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 22 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल मैदान, ग्राम-परसदा (डगनिया), जिला-बालोद में किया जाएगा, जहां राज्य के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आई टीमें अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। आयोजकों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार घोषित किए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख एक रुपये नगद राशि एवं विनर कप प्रदान किया जाएगा, जो जन सहयोग से प्रदत्त है। वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में रु इक्यावन हजार एक रुपये नगद राशि एवं विनर कप दिया जाएगा, जिसे जसवंत सिन्हा, समाजसेवक एवं जनसेवक, गुंडरदेही द्वारा प्रदत्त किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क छह हजार रुपये निर्धारित किया गया है। आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक ग्रामीण टीमों से भाग लेने की अपील की है।

### कनेरी में संगीतमय मानस गान स्पर्धा 16 से

**गुरूर।** ग्राम कनेरी में त्रि दिवसीय संगीतमय मानस गान प्रतियोगिता 16 जनवरी से प्रारंभ होगा, प्रतियोगिता का समापन 18 जनवरी को होगा। यह आयोजन श्री ब्रेकर गणेश उत्सव समिति एवं ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन का यह 16 वां वर्ष है।

### गौरव ग्राम मोखा में तीन दिवसीय लोक महोत्सव का भव्य आयोजन

**बालोद/कलंगपुर।** विकासखंड गुण्डरदेही के गौरव ग्राम मोखा में अंचल के लोककला के संवर्धन, संरक्षण व स्वस्थ मनोरंजन के उद्देश्य से 10 से 12 जनवरी क्रो लोक महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश भर के विभिन्न लोकमंचो की प्रस्तुति होगी। प्रथम दिवस मंगल माधुर्य संकीर्तन गुरामी, मनमोहिनी फाग परिवार बकली कुरुद, जय मां फिंगेशवरी गुरुदेव संकीर्तन गरियाबंद, आदिवासी लोकनृत्य चिचबोड़ की प्रस्तुति होगी। 11 जनवरी को मनमोहिनी लोकगाथा भरथरी,युधिष्ठिर मानस परिवार देवतिल्दा,सुआ नृत्य तामासिवनी रायपुर, मरादेव मरिया जस झांकी पचपेड़ी, जय अम्बे रामधूनी कचना व अंतिम दिवस 12 जनवरी क्रो गुरु कृपा छत्तीसगढ़ी लोकरंग पंडवाणी बोरीद, महके मोंगरा नाचा पार्टी खुदनी गुरुर,अछरा के छांव रामधूनी गोकुलपुर, मया के गांव छत्तीसगढ़ी लोककला मंच दरगहन की प्रस्तुति होगी। 13 जनवरी क्रो मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। इस दिन रात्रिकालीन शिव भोला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी करमतरा की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद, दल्ली नगरपालिका के अध्यक्ष तोरण साहू, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू सहित विभिन्न अतिथियों का आगमन होगा।

## निधन

### सुदर्शन यादव

**अंडा।** अंडा गुरूवार बाजार चौक निवासी सुदर्शन यादव (सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी ) उम्र 67 वर्ष का अकास्मिक निधन 10 जनवरी के सुबह घर में निधन हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गृह अंडा के मुक्तीधाम किया गया। वे भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये। वे कमलकांत यादव भूपेन्द्र (राजू) यादव ,खिलेंद (संजू) यादव प्रदीप (पप्पू) यादव के पिता थे।



# अब टीवी चैनलों से होगी पढ़ाई, सीबीएसई के छात्रों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छात्रों को आधुनिक और आसान तरीकों से पढ़ाई कराने की दिशा में सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन (सीबीएसई) ने एक अहम पहल की है। बोर्ड ने अपने सभी संबद्ध स्कूलों को पीएम ई-विद्या चैनल-15 का सक्रिय रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। सीबीएसई का मानना है कि इससे न केवल क्लासरूम टीचिंग मजबूत होगी, बल्कि विद्यार्थियों की समझ और सीखने की गुणवत्ता भी बेहतर बनेगी। सीबीएसई द्वारा जारी सर्कुलर में कहा गया है कि चैनल-15 पर प्रसारित होने वाला शैक्षणिक कंटेंट पूरी तरह सीबीएसई सिलेबस के अनुरूप तैयार किया गया है। यह पहल डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश के हर कोने में छात्रों तक समान गुणवत्ता वाली शिक्षा पहुंचाने में सहायक होगी।

### हर छात्र तक शिक्षा पहुंचाने की पहल

बोर्ड के अनुसार, इन कार्यक्रमों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि भौगोलिक दूरी या सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियां किसी भी छात्र की पढ़ाई में बाधा न बनें। टीवी पर बार-बार टेलीकास्ट होने से विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ाई कर सकते हैं। इसके अलावा, ये सभी वीडियो यूट्यूब पर सीबीएसई टीवी चैनल पर भी उपलब्ध हैं, जिससे छात्र और शिक्षक इन्हें कभी भी दोबारा देखकर अपनी गति से सीख सकते हैं।



### अभी अधिकृत आदेश का इंतजार

इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षाधिकारी जितेंद्र पटेल ने बताया कि इस पहल की जानकारी सोशल और प्रिंट मीडिया के माध्यम से मिल रही है, लेकिन अभी तक शासन की ओर से कोई अधिकृत पत्र या आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। जैसे ही आदेश प्राप्त होगा, विद्यार्थियों और उनके पालकों को इसकी जानकारी दे दी जाएगी। **इन विषयों पर उपलब्ध हैं वीडियो:** पीएम ई-विद्या चैनल-15 पर छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए उपयोगी कंटेंट शामिल है। इसमें मैथ्स, साइंस और सोशल साइंस जैसे मुख्य विषयों के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण एजूकेशनल टॉपिक्स को कवर किया गया है। शिक्षकों के लिए बनाए गए वीडियो में एक्सपीरियंशियल लर्निंग, स्टोरीटेलिंग पेडागॉजी, सेफ्टी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जैसे अहम विषय शामिल हैं। बोर्ड का कहना है कि इससे कक्षा में पढ़ाने के तरीके और अधिक प्रभावी बनेंगे।

### टीवी के जरिए सप्लीमेंट्री एजूकेशन

पीएम ई-विद्या पहल की शुरुआत वर्ष 2024 में की गई थी, जिसका उद्देश्य टीवी के माध्यम से छात्रों को सप्लीमेंट्री एजूकेशनल सपोर्ट उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत 200 डीटीएच टीवी चैनल शुरू किए गए हैं, जिनमें से सीबीएसई को चैनल नंबर 15 आवंटित किया गया है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में इस चैनल पर 67 शैक्षणिक ई-वीडियो उपलब्ध हैं, जो विशेष रूप से कक्षा 9 से 11 के विद्यार्थियों और शिक्षकों की ट्रेनिंग को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

आयोजन : विधायक ललित चंद्राकर और जिपं अध्यक्ष तारणी ने किया उद्घाटन

# ग्राम तवेरा में भव्य रामायण मानस गान स्पर्धा, आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम तवेरा में आयोजित भव्य रामायण मानस गान प्रतियोगिता में आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक एवं छग राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। अतिथियों ने प्रभु श्री राम की पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम के आदर्श हमें मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजनों से हमारी युवा पीढ़ी अपनी जड़ों और सनातन संस्कृति से जुड़ी रहती है। विधायक ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए निरंतर धार्मिक कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि मानस मंडलियाँ गाँव–गाँव में सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश फैला रही हैं। उन्होंने महिला मंडलियों की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जाहिर की और कहा कि रामायण की चौपाइयां हमें कठिन समय में धैर्य और सत्य की राह पर चलना सिखाती हैं। कार्यक्रम में दूर–दराज से आईं मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत पुष्पहार और तिलक लगाकर किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही देविका बंजारे, सरपंच शैलेन्द्र निषाद, उपसरपंच सनत साहू, सोसाइटी अध्यक्ष तेजराम साहू, अध्यक्ष आयोजक समिति बीरेंद्र साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज दुर्वासा साहू, रिकेश सिन्हा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप बालोद से 16 खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

9 से 11 जनवरी तक रायपुर में होने वाली सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष वेटलिफ्टिंग चौंपियनशिप के लिए बालोद जिला टीम का चयन बालोद में किया गया। जिसमें बालोद जिला से 8 महिला खिलाड़ी एवं 8 पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे।

इन चयनित खिलाड़ियों को बालोद जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष आरपी यादव, बालोद जिला के वेट लिफ्टिंग संघ के उपाध्यक्ष जहारुद्दीन कुरैशी और बालोद जिला वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव नरेंद्र कुमार साहू के अलावा जिम के सदस्य शार्दुल मिनपाल, मुकेश सोनकर, संतोष वासनिक, राजीव नयन शर्मा, योगेश कुमार, रितेश कुमार, महिला कोच नारायणी यादव, जितेंद्र पटेल, सुषमा ढीमर, भूमिका ढीमर, रिया ठाकुर ने हर्श व्यक्त किया।

# ग्राम अर्जुनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया मड़ई मेला, जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



छत्तीसगढ़ की गौरवशाली लोक परंपरा और संस्कृति के प्रतीक मड़ई मेले का आयोजन ग्राम अर्जुनी में बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में पहुँचने पर ग्रामवासियों और मेला समिति द्वारा चंद्राकर का भव्य स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम ग्राम के देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, सुख–समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की। उन्होंने मड़ई मेले की ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मड़ई मेला हमारी छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति की अनमोल धरोहर है। यह हमारी ग्रामीण एकता और समृद्ध संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। मड़ई और मेले हमारी छत्तीसगढ़ी पहचान हैं। ये आयोजन आपसी भाईचारे को बढ़ाते हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। ग्रामीण क्षेत्रें के विकास के साथ–साथ अपनी परंपराओं को सहेज कर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मेले में दूर–दराज के गांवों से आए लोगों का तांता लगा रहा। बच्चों के लिए झूले, खिलौने और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही गुलशन साहू, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच अर्जुनी हेमंत साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश साहू, मण्डल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत वर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, पूर्व सरपंच करुणा साहू, तेजराम निषाद, जितेन्द्र चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, पूनम साहू, नेमलाल यादव, घना साहू पूर्व सरपंच स्थानीय जनप्रतिनिधि, मेला समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मेला समिति द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### ग्राम थनौद में मड़ई मेला कल

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम थनौद बस्ती पारा में समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 12 जनवरी सोमवार को भव्य मंडाई मेला का आयोजन रखा गया हैं, सरपंच मेनका दिनेश देशमुख ने बताया कि इस मंडाई मेला के अवसर पर आस पास के ग्रामीण जनो से अपिल किया हैं, कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच का मेला का आनंद उठाये, और मेला के अवसर पर रात्रि कालीन 10 बजे सास्कृतिक कार्यक्रम खुमान साव कृत ठेकवा राजनांदगाव वालो की प्रस्तुति दी जायेगी।

# महाविद्यालय में वार्षिक और सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में वार्षिक व सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसके अनुसार 12 जनवरी को बीएससी तृतीय सेमेस्टर वनस्पति शास्त्र, 13 जनवरी को बीएससी तृतीय सेमेस्टर जंतु विज्ञान, 13 जनवरी को बीए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, डीएसई बीएसई प्रथम सेमेस्टर भूगोल, 14 जनवरी बीएससी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र, 15 जनवरी को डीएसई, बीएससी तृतीय सेमेस्टर भूगोल, 16 जनवरी को बीएससी प्रथम सेमेस्टर वनस्पतित्त शास्त्र, 20 जनवरी को प्रथम सेमेस्टर जंतु विज्ञान का प्रायोगिक परीक्षा होगा। प्राचार्य ने बताया सभी विषयों का परीक्षा सुबह 8:30 बजे से आयोजित की गई है।

# डाक विभाग के कर्मचारियों को सेवानिवृत्त पर दी विदाई



**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा उपडाकघर में कार्यरत पोस्टमेन खेमेंन्द्र गुप्ता तथा शाखा डाकघर खल्लारी में शाखा डाकपाल के रूप में सेवाएं दे रहे जगदीश राम यादव के सेवानिवृत्त होने पर उपडाकघर परिसर में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। पूरे वातावरण में अपनापन, स्मृतियां और भावुकता साफ झलक रही थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश जायसवाल ने की। समारोह में खेमेंन्द्र गुप्ता और जगदीश राम यादव को उनके लंबे सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदार कार्यशैली के लिए याद किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दोनों कर्मचारियों ने वर्षों तक डाक विभाग की गरिमा बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किया। अतिथि के रूप में मौजूद सरिता गौतम मधु ने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल एक सेवा काल का अंत नहीं, बल्कि जीवन के नए अध्याय की शुरुआत होती है। उन्होंने कहा कि आज विदा हो रहे ये कर्मचारी केवल पत्र नहीं पहुंचाते थे, बल्कि लोगों तक भरोसा, उम्मीद और खुशियां भी पहुंचाते रहे हैं। उन्होंने कविता के माध्यम से भावनाओं को व्यक्त किया। मंच से बोलते हुए हरीश दासानी ने कहा कि खेमेंन्द्र गुप्ता और जगदीश राम यादव ने अपने कार्य से डाक विभाग की छवि को सशक्त बनाया है। उनकी कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। सेवानिवृत्त शाखा डाकपाल जगदीश राम यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नीति और नीयत दोनों साफ रखकर किया गया कार्य ही असली पहचान बनता है। वहीं खेमेंन्द्र गुप्ता भावुक हो उठे और कहा कि डाक विभाग उनके लिए केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक परिवार रहा है, जहां उन्हें हमेशा सहयोग और स्नेह मिला। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन साहिल मनहर ने किया, जबकि संचालन महेश बैस ने किया। समारोह में ओ.पी. वर्मा, दोमेश्वर सिंह, संजय कुमार, केकती भांडेकर, भगवान सिंह, पुरोहित निषाद, अंजली सिंह, चुरेंद्र कुमार यशवंत, अंकित जायसवाल, अरुण बाघ, कमलेश, यशवन सहित बड़ी संख्या में डाकघर एवं शाखा डाकघर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगपुरा में पारंपरिक मड़ई मेला कल

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में आगामी 12 जनवरी को पारंपरिक मंडाई का भव्य आयोजन रखा गया है। इस आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंडाई के अवसर पर ग्रामीण परंपराओं के अनुरूप पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रहने की संभावना है। मंडाई मेला आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए तोप सिंह धीमर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंडाई का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस आयोजन में शामिल होकर परंपरा को जीवंत बनाए रखने की अपील की है। मंडाई मेला ग्राम नगपुरा की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है, जिसमें आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामवासियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

### ग्राम खपरी में मंडई-मेला 13 जनवरी को

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरी (सिलोदा) में समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में 13 जनवरी को पारंपरिक मंडई-मेला महोत्सव का भव्य आयोजन किया है। इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लहर गंगा की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि में आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरानिक साहू द्वारा कृत लहर गंगा, धनेली (गुरूर) की टीम अपनी आकर्षक प्रस्तुति देगी, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परंपरा एवं कला की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। मंडई-मेला महोत्सव को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने हेतु ग्राम के सभी सामाजिक एवं युवा वर्ग सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। उक्त आयोजन की जानकारी नारायण साहू, पूर्व सरपंच, ग्राम खपरी (सिलोदा) द्वारा दी गई। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# साहू समाज का वार्षिक अधिवेशनः महिलाओं ने सामाजिक सुधार पर विचार व्यक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



छत्तीसगढ कबीर पंथी साहू सामाज का वार्षिक अधिवेशन का दुसरा दिन 10 जनवरी को सामाजिक परिचर्चा के संदर्भ मे समाजिक व्यवस्था सुधार के संदर्भ मे महिलाओ ने अपना विचार व्यक्त किया। जिसमें मुख्य रूप से विवाह योग्य युवती जो अधिक पढ़ी लिखी हुई हो उनका विवाह नौकरी पेशा युवक के इंतजार मे उम्र न बढ़ाए जो कि लड़का यदि कमाऊ हो या व्यापार करता हो तो पढ़ी लिखी युवती को विवाह योग्य समझकर विवाह कर देना चाहिए।

महिलाओ द्वारा समाजिक व्यवस्था के तहत विधवा मां को अपनी संतान के मौर सौपने का व्यवस्था देना चाहिए। इसके आलावा समाज मे मृतक भोज एंव विषय पर चर्चा रखी गई और समाज के पदाधिकारियो ने उक्त बातो को गंभीरता से लेते हुए निराकरण की बात कही। सामाजिक नियमावली के तहत उक्त बाते पुर्व मे व्यवस्था सुधार हेतु समाज को निर्देशित किया जा चुका है इनके आलावा छोटे बच्चे एंव युवाओ को अच्छे संस्कार देने की बात कहा गया ताकि नशा पान और अन्य गलत आचरण से दुर रहने की सलाह दी गई। उक्त कार्यक्रम मे महिला प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारीगण ने भी मंच पर सामाजिक विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम मे पुर्व सांसद मोहन मंडावी, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय आदि शामिल होकर कबीर साहेव के मार्ग पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम मे प्रदेश के हर जिले से स्वजातीय बंधु व युवक युवती शामिल हुए।

# जप सदस्य ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**डोंडी।** डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नरालगुड़ा में नव युवक समिति द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी ने किया।

उद्घाटन अवसर पर हिचामी ने खिलाड़ियों को अनुशासन, नियमों का पालन और ईमानदारी से खेलने की प्रेरणा दी। हिचामी ने कहा कि क्रिकेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह अनुशासन और टीम भावना सिखाने वाला खेल है। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित किया कि खेल के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है और यदि खिलाड़ी लगातार अभ्यास और नियमों का पालन करेंगे तो भविष्य में उच्च स्तर तक पहुँच सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच गणेश्वरी नेताम, भाजपा मंडल महामंत्री हिंसा राम साहू, पति राम नरेटी, दुलेश्वरी ऊइके, पालन सिंग करपाल, जोहार करपाल, ग्राम पटेल, सभी पंच एवं खिलाड़ी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। प्रतियोगिता का आयोजन खिलाड़ियों और ग्रामीणों के बीच उत्साह और सौहार्द्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।



SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

खबर संक्षेप



## परसदा में नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**अंडा।** ग्राम परसदा(डंग) के नवीन आंगनबाड़ी भवन के लोकार्पण व सेवा सहकारी समिति परसदा में प्रकाश व्यवस्था के तहत हाईमास्क लाइट का बटन दबाकर शुभारंभ चेमन देशमुख अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद, कुलदीप साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष व सत्यवती साहू सरपंच ग्रा.प. परसदा ने किया ,इस अवसर पर चेमन देशमुख जी ने बूथ अध्यक्ष राहुल शर्मा व देवकुमार साहू से एस आई आर पर चर्चा किया व फार्म 6/7/8 पर प्रकाश डाला और कहा कि ग्राम परसदा को विकाश की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु पूर्ण व परिणामदायक प्रयास करेंगे, इस अवसर पर प्रबंधक संतराम साहू, चंद्र किरण साहू जगदेव साहू नारद साहू भारत यादव बूथ अध्यक्ष देव कुमार साहू राहुल शर्मा ओमप्रकाश साहू द्वारका निर्मलकर मनीष कुमार लोकेश कुमार वह सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आयोजन : भव्य कलश यात्रा के साथ सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

# ग्राम मोहारा में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मण्डल अरमरीकला के अंतर्गत ग्राम मोहारा में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, सर्व समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

भव्य कलश यात्रा गायत्री मंदिर से होते हुए स्कूल पारा, पुराना बस्ती एवं आवास पर से भ्रमण करते हुए कला मंच कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विभाग सह संघ चालक राजनंदगांव उंमेद देवांगन थे, सहसंयोजक गायत्री शक्तिपीठ गुरुर डॉ गोपाल साहू, मातृ शक्ति से जिला संयोजक गायत्री शक्तिपीठ बालोद सलेखा साहू ने मार्गदर्शन दिया। सर्वप्रथम भारत माता के तैल चित्र पर नमन





वंदन किया गया, सलेखा साहू ने कहा हिंदू संस्कृति और हिंदू रीति रिवाज को बचाए रखने के लिए हम सभी हिंदुओं को जागना होगा, एक होना होगा, माताओ से निवेदन किया कि अपने–अपने बच्चों में संस्कार डालें, डॉ गोपाल साहू ने युवाओं को जागृत करने के लिए प्रेरित किया, उन्होने कहा आज युवा भटक चुका है, नशा नाश की ओर जा रहा है और हिंदू संस्कृति को सब भूल रहे हैं, आप सभी से मेरा निवेदन है की हर हिंदू एक हो और भारत देश की रक्षा के लिए काम करें। मुख्य वक्ता उंमेद देवांगन ने आरएसएस के बारे में पूरी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया, जिस तरह से गायत्री परिवार घर–घर जाकर काम करता है ठीक उसी तरह आरएसएस भी हिंदू को जगाने के लिए काम करता है, जन्म शताब्दी वर्ष है, इसीलिए सभी जगह यह विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहारा के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। अरमरीकला मंडल से 12 ग्रामों से आए हुए समस्त समाज प्रमुखों सरपंच और उपसरपंच को भारत माता की तस्वीर एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने किया, कार्यक्रम का आभार जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, झालेन्द्र साहू, भागीरथ यादव, जिला प्रचारक जिला बालोद हिम्मत जंघेल, विस्तारक बालोद निर्मल साहू, विभाग कुटुंब प्रबोधन राजनंदगांव, खंड कार्यवाह खंड गुरुर सुपेश कुमार साहू, एकनाथ सार्वा, अशोक कुमार साहू, रुखमती गंजीर, दीपधा हिरवानी, तेशवरी नेताम, सरपंच केशव रामधनकर, बोधराय हिरवानी, धर्मेंद्र तेल्यासी, परमेश्वर साहडा, हेमलाल सिन्हा, तुलाराम साहू, डोमेन्द सार्वा, महेश सिन्हा, किशुन साहू, सूर्यकांत साहू, मदन साहू, धनाराम साहू, तुलसीराम साहू, तेज राम बनपेला, धनराज साहू, बालक साहू एवं 12 ग्रामों के समस्त वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सब्जियों के दाम गिरे रसोई को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। दल्लीराजहरा के सब्जी बाजारों में देशी टमाटर और हरे मटर के दामों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। बीते कुछ दिनों से महंगाई की मार झेल रहे उपभोक्ताओं को अब सस्ती सब्जियों से राहत मिलने लगी है। स्थानीय सब्जी बाजारों में देशी टमाटर मात्र 20 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है, वहीं चायना मीठा हरा मटर 25 रुपये प्रति किलो में आसानी से उपलब्ध है।

सब्जियों की आवक बढ़ने और मांग सामान्य रहने के कारण कीमतों में यह गिरावट आई है। सरवन सोनकर, राजेश कुमार सहित अन्य व्यापारियों का कहना है कि आसपास के ग्रामीण इलाकों से सब्जियों की अच्छी आपूर्ति हो रही है, जिससे बाजार में पर्याप्त स्टॉक बना हुआ है।

वहीं ग्राहकों ने भी दाम कम होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे रोज़मर्रा की रसोई का बजट संतुलित रहेगा। सस्ती सब्जियों के चलते बाजारों में रौनक बढ़ी है और खरीदारी करने वालों की संख्या में भी इजाफा देखा जा रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में अन्य सब्जियों के दाम भी और नीचे आने की उम्मीद है।

## बरबसपुर में मड़ई मेला 14 जनवरी को

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम बरबसपुर मे आगामी 14 जनवरी को ग्राम के साप्ताहिक बाजार स्थल पर मंडाई मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में रखा गया। जिसके उपलक्ष्य में रात्रिकालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी की प्रस्तुति रखी गई है। उक्त जानकारी पूर्व सरपंच दिलीप मंडावी एवं नीरज कुमार मंडावी ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## अपने इष्ट में निष्ठा रखने वालों की प्रतिष्ठा स्वतः बढ़ती है : राजेश तिवारी

**डौंडीलोहारा।** ग्राम गैजी की पावन धरा पर अविरल श्रीमद्भागवत कथा रूपी गंगा का नित्य प्रवाह हो रहा है। इस दिव्य आयोजन में समस्त सिन्हा परिवार, ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा के दौरान कोकिल कंठी मानस किंकर भगवताचार्य पं. राजेश तिवारी ने सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा जी वास्तव में गरीब नहीं थे, वे तो संसार के सबसे धनी संत थे, क्योंकि उनका मन सदैव परमात्मा के पावन नाम स्मरण में लीन रहता था।

धन की कमी मनुष्य को गरीब बना सकती है, किंतु जो मन से सम्पन्न हो, वह कभी दरिद्र नहीं हो सकता। भगवताचार्य तिवारी ने बताया कि सुदामा जी ने अपने मित्र भगवान श्रीकृष्ण को दरिद्रता से बचाने के लिए स्वयं श्रपित चने का सेवन किया। गुरु माता द्वारा दिए गए वे चने चोरी के थे और श्रापित थे, यह जानते हुए भी सुदामा जी ने अपने मित्र की रक्षा हेतु उनका त्यागपूर्वक सेवन किया। परिणामस्वरूप उन्हें भौतिक कष्ट और गरीबी का सामना करना पड़ा, किंतु उनकी भक्ति में कभी कमी नहीं आई। उन्होंने आगे कहा कि सुदामा जी की



धर्मपत्नी सुशीला एक आदर्श पतिव्रता नारी थीं, जिनकी प्रेरणा से सुदामा जी को द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रभु के दर्शन मात्र से सुदामा नगरी का निर्माण हुआ और उनकी दरिद्रता समाप्त हो गई। यही प्रभु की करुणामयी कृपा है। कथा के अंत में पं. तिवारी ने कहा कि परमात्मा ने हम सभी को दुर्लभ मानव जीवन प्रदान किया है। यदि हम भी अपने इष्ट में श्रद्धा और निष्ठा के साथ स्मरण करें, तो निश्चित रूप से प्रभु की कृपा प्राप्त होगी और जीवन में प्रतिष्ठा एवं कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।










